**अव्यवस्था** | वार्ड क्रमांक 5 के रहवासी त्रस्त, दो वर्ष से अधूरे विकास के वादे, आमजन परेशान

# पुरानी सब्जी मंडी में गंदगी और अव्यवस्था

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 5 स्थित पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र इन दिनों गंदगी, अवैध कब्जों और असामाजिक गतिविधियों के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका की लापरवाही और संबंधित विभागों की निष्क्रियता के चलते यह क्षेत्र धीरे-धीरे अस्वच्छता और अव्यवस्था का केंद्र बनता जा रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।



### कचरा जलनिकासी को बाधित कर रहा

रहवासियों के अनुसार पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित शराब दुकान के आसपास खाली शराब की बोतलें, डिस्पोजेबल गिलास, प्लास्टिक एवं अन्य कचरा खुले में फैला रहता है। यह कचरा नालियों में जमा होकर जल निकासी को बाधित कर रहा है। बरसात के मौसम में नालियां जाम होने से जलभराव, दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### नहीं होती नियमित साफ-सफाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी नगर के अन्य हिस्सों से एकत्रित कचरा भी इसी स्थान पर डाल देते हैं। तेज हवा चलने पर यही कचरा आसपास के घरों में पहुंच जाता है, जिससे लोगों को दैनिक जीवन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### असामाजिक तत्वों का रहता हैं जमावड़ा

रहवासियों का आरोप है कि यहां दिन-रात नशाखोरी होती है तथा असामाजिक तत्व गाली-गलौज और हंगामा करते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय समाजसेवी श्री खेमका परिवार द्वारा आमजन के लिए सब्जी मंडी के सामने फ्रीजर के माध्यम से शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है, लेकिन वहां भी असामाजिक तत्व गंदगी फैलाने और लोगों को परेशान करने से बाज नहीं आते।

**शिकायत के बावजूद नहीं हुई ठोस कार्यवाही**

क्षेत्र मोहल्लेवासियों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका प्रशासन, कोतवाली पुलिस और जिला प्रशासन को कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते पुरानी सब्जी मंडी परिसर अवैध कब्जों और असामाजिक गतिविधियों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है।




# 1.25 लाख लाड़ली बहनों के खाते में आए 18.24 करोड़ रुपये

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भिंड जिले के लहार से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुदान राशि का अंतरण किया।

इस दौरान अनूपपुर जिले की 1 लाख 25 हजार 349 लाड़ली बहनों के खातों में कुल 18 करोड़ 24 लाख 9 हजार 500 रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिले में कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में लाइव प्रसारण किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

## एक नजर में

### आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भूमिका पर होगा मंथन

**नवभारत, जबलपुर।** व्यापार और उद्योग जगत में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में कॉनफ़ीडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स सीएआईटी की विमेंस विंग जा आज रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। शहर के निजी होटल में शाम 4 बजे से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शहर की महिला उद्यमियों को संगठनात्मक नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए नेशनल कन्वेयर सीमासिंह चौहान ने कहा की महिलाओं को व्यापारिक नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की समारोह की मुख्य अतिथि सीएआईटी विमेंस विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता पाटिल होंगी। वे नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के साथ महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भर भारत, व्यापार में महिलाओं की बढ़ती भूमिका और संगठित व्यापार में उनकी सहभागिता जैसे विषयों पर अपने विचार रखेंगी।

### ग्वारीघाट में एनडीआरएफ ने चलाया जनजागरुकता अभियान

**नवभारत, जबलपुर।** 11 एनडीआरएफ 11जी टीम द्वारा ग्वारीघाट पर एनडीआरएफ मुख्यालय और एनडीआरएफ उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एक सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य जनसामान्य को आपदा प्रबंधन के सभी पहलुओं से परिचित कराते हुए जीवन रक्षक पद्धतियों में प्रशिक्षित करना है ताकि आपदा की हानि न्यूनतम की जा सके। निरीक्षक रेखा कुमारी ने बताया कि आपात स्थिति में सर्वप्रथम प्रतिक्रिया स्थानीय समुदाय ही करता है, इसलिए नागरिकों को कुशल बनाना आवश्यक है।

### वरिष्ठ शिक्षक अरविंद सिंह का निधन

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के शिक्षा जगत के लिए गहरे शोक का विषय है कि वार्ड क्रमांक 9 निवासी एवं वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक अरविंद सिंह का लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले तीन-चार माह से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे और उनका उपचार सीएमसी वेल्लूर में चल रहा था। गुरुवार देर शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं जिलेभर के अरविंद सिंह का अंतिम संस्कार सोमवार प्रातः 10 बजे अनूपपुर के सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



# अप्रवेशी बच्चों का नामांकन करने के निर्देश

**स्कूल चले अभियान को गति अधिकारियों ने संभाली विद्यालयों के मॉनिटरिंग की कमान**

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जिले में स्कूल चलें अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देशन में जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों का आवंटन कर ड्यूटी कैलेंडर के अनुसार नियमित भ्रमण एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा शैक्षणिक वातावरण का जायजा ले रहे हैं।



### शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए

अभियान के अंतर्गत विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों की पहचान कर उनका शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारी अभिभावकों से संपर्क कर शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को तत्काल विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शासन की निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तक, गणवेश, मध्यान्ह भोजन एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की जानकारी देकर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए लगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**नवभारत, जबलपुर।** सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशाल मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कराए। पूरे आयोजन में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिविर में प्रतिभागियों के लिए खून की विस्तृत जांच हेतु ब्लड सैंपल संग्रहित किए गए। इसके साथ ही नेत्र परीक्षण, लीवर फंक्शन टेस्ट, ईसीजी, बीएमआई सहित कई आवश्यक स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षण पूर्ण होने के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं उनके परिजनों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई।



### नियमित व्यायाम करे

कैंप के दौरान मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एन. मिश्रा, डॉ. शैलेंद्र दीक्षित, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश चौधरी, डॉ. लक्ष्मी पी. रेड्डी, मेडिसिन विभाग के डॉ. मधु तथा पैथोलॉजी विभाग के डॉ. संदीप चौहान सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही। सभी स्वास्थ्य परीक्षणों के उपरांत डॉ. मधु एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार ने स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित एक विस्तृत पावर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न बीमारियां किन कारणों से होती हैं, उनसे कैसे बचा जा सकता है तथा स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक दिनचर्या, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम का कितना महत्व है। कार्यक्रम के अंत में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को आश्वस्त किया कि जब भी उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सीय आवश्यकता होगी, अस्पताल परिवार उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# इमर्शन साइट सुदृढ़ीकरण का किया गया मूल्यांकन



**अनूपपुर, नवभारत।** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पुष्पराजगढ़ विकासखंड में इमर्शन साइट सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य स्तरीय मूल्यांकन दल ने जीवनदायिनी संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) का विस्तृत आंकलन किया। दल ने सामुदायिक संस्थाओं के कार्यों, वित्तीय प्रबंधन, दस्तावेज संधारण और आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

यह मूल्यांकन नेशनल मिशन मैनेजमेंट यूनिट नई दिल्ली के मार्गदर्शन में नेशनल सपोर्टिव सुपरविजन फ्रेमवर्क के अंतर्गत किया गया। जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के निर्देशन में जिले में सामुदायिक संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# बच्चों को सुरक्षा व अधिकारों की दी गई जानकारी



**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीता भगत के नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल देवरी, शासकीय प्राथमिक शाला अमलई तथा शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में छात्र-छात्राओं को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, 'गुड टच-बैड टच' तथा बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।



# देवेंद्र कोल बने वार्ड 6 के अध्यक्ष

**नगर निकाय चुनाव से पहले भगवा पार्टी ने किया संगठन विस्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी ने संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए वार्ड क्रमांक 6 में नई नियुक्ति की है।

पार्टी के जिला प्रवक्ता धर्मेंद्रकांत तिवारी ने बताया कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्रा ने देवेंद्र कोल को वार्ड क्रमांक- 6 का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्रा ने कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के अभियान में जुटी हुई है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में सक्रिय एवं जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जा सके।

### नगर निकाय चुनाव में मजबूत विकल्प बनेगी पार्टी

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, राष्ट्रहित और जनकल्याण के मूल्यों को लेकर पार्टी लगातार जनता के बीच कार्य करेगी तथा नगर निकाय चुनाव में एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आएगी। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष देवेंद्र कोल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा, सनातन धर्म एवं राष्ट्रहित के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# रेलवे सुविधाओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**विधायक फुन्देलाल मार्को के नेतृत्व में सौंपा जाएगा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जिले में लंबे समय से लंबित रेलवे एवं जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक के नाम स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को करेंगे। ज्ञापन सौंपने का समय सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सत्येंद्र स्वरूप दुबे ने बताया कि ज्ञापन में क्षेत्र की जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया है।




### ट्रेनों के स्टॉपेज को बहाल करने की मांग की जाएगी

प्रमुख मांगों में वेकटनगर और निगौरा रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज को शीघ्र शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय द्वारा पहले आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस आरक्षण केंद्र के समय में की गई कटौती को वापस लेकर पूर्व समय-सारिणी बहाल करने की भी मांग करेगी।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में किया पौधरोपण

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार 10 जुलाई को चरन जीत सिंह अरोरा के सहयोग से रामनगरा तिलवारा घाट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 11 पौधे रोपे गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ वातावरण मिल सके। पौधारोपण के बाद संस्था की सदस्य गरिमा विश्वकर्मा ने योगिनी एकादशी के अवसर पर मंदिर में सत्यनारायण भगवान की पूजा-अर्चना की। इस सेवा कार्य के दौरान संस्था के अध्यक्ष चरनजीत सिंह अरोरा सुरेंद्र सिंह, संदीप गौर और सुरेंद्र वर्दे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**दहशत** | ग्रामीणों को दी गई सतर्क रहने की सलाह, वन विभाग भी अलर्ट मोड में

# भोलगढ़ के जंगल में डटे हुए हैं तीन हाथी

**अनूपपुर, नवभारत 12 जुलाई।** जिले में पिछले आठ दिनों से विचरण कर रहे तीन हाथियों का दल शनिवार शाम करीब 7.30 बजे जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्राम एवं वन बीट भोलगढ़ के जंगल में देखा गया।

हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर एक बड़ा नर हाथी जंगल में स्थित वन तालाब पर पानी पीने पहुंचा। इसके बाद वह पुनः जंगल में लौट गया और तीनों हाथियों का समूह शहडोल-कोतमा-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग के समीप भोलगढ़ बस स्टैंड एवं वाटर सेट तालाब के बीच सड़क किनारे स्थित जंगल में विचरण करता रहा।



### वन विभाग की टीम लगातार नजर बनाए हुए है

वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### हाथियों के नजदीक नहीं जाने की दी सलाह

वन विभाग के अनुसार हाथियों के दल के शनिवार रात में पुनः भोलगढ़ एवं बरबसपुर के विभिन्न टोला-मोहल्लों की ओर आने की संभावना है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से जंगल या हाथियों के नजदीक नहीं जाने तथा किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की सलाह दी गई है।

**हाथियों के मुख्य मार्ग पर आने से यातायात रोका गया**

हाथियों के मुख्य मार्ग के किनारे आने पर वन विभाग की गश्ती टीम ने कोतवाली पुलिस एवं यातायात पुलिस अनूपपुर के सहयोग से कुछ समय के लिए शहडोल-कोतमा-मनेंद्रगढ़ मार्ग पर यातायात रोक दिया। बाद में जब हाथियों का दल सड़क किनारे से वापस जंगल की ओर चला गया, तब यातायात को पुनः सुचारु रूप से शुरू कर दिया गया।

# पंजा कुश्ती संघ की जिला इकाई का गठन, नईम बने सचिव



**नवभारत, जबलपुर।** स्टेट एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जय घनघोरिया द्वारा महासचिव प्रकाश यादव की अनुशंसा पर जबलपुर पंजा कुश्ती संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में हर्षित यादव को अध्यक्ष तथा मो. नईम को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।जारी की गई सूची के अनुसार श्याम रजक, राजेंद्र यादव, एम. जोसफ एवं रोमित सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हर्ष पुरी गोस्वामी और परेश सोनी को सह सचिव, प्रवीण तिवारी को कोषाध्यक्ष, देवेंद्र तिवारी को मीडिया प्रभारी तथा मुकेश विश्वकर्मा, सालोमन (सलमान), गुंजन लिल्लोरे और जितिन नारंग को टेक्निकल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। नई जिला इकाई के गठन पर इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव मनोज नायर सहित एड. अशोक गुप्ता, एन.बी. क्षत्री, सुनील यादव, संजय साहू, एड. सुदीप सिंह सैनी, नीलेश केवट, ऋषिभान सिंह ठाकुर, शादाब अंसारी, विजय रजक और प्रदीप पटेल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में जबलपुर में पंजा कुश्ती खेल को नई दिशा मिलेगी तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और मंच उपलब्ध कराए जाएंगे।